01/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने आज राजधानी ईटानगर स्थित दोरजी खाण्डू कॉनवेंशन सेंटर में आयोजित “मिथुन दिवस” के दूसरे संस्करण में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्वोत्त्तर क्षेत्र में किसानों के आय को बढ़ाने के लिए एकीकृत मिथुन पालन” पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने मिथुन पर विभिन्न प्रकाशन जारी किया। कार्यक्रम में प्रगतिशिल मिथुन पालकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने मिथुनों का प्रदेश के लोगों के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और पारिस्थितिक महत्व पर भी बात की। गौरतलब है कि वैश्विक मिथुन आबादी का नवासी प्रतिशत हिस्सा अरुणाचल प्रदेश में है। राज्यपाल ने मिथुन पालन केंद्र और अनुसंधान पहल के गठन के लिए प्रस्ताव रखते हुए बेहतर नीति, समर्थन और संरक्षण प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने मिथुन के दूध, खाल और सींगों को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने का भी सुझाव दिया। इस कार्यक्रम को अरुणाचल मिथुन एवं याक संरक्षण मिशन ने मिथुन पर आई सी ए आर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र ने मिलकर आयोजित किया था। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में मिथुन पालन की चुनौतियों और संभावनाओं को संबोधित करना था।

0000000000000000

केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने आज राजभवन, ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की। बैठक के दौरान, उन्होंने वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज परियोजना और राज्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसी विकासात्मक पहलों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री के साथ बातचीत करते हुए, राज्यपाल ने 58,000 मेगावाट से अधिक के साथ जलविद्युत में अरुणाचल प्रदेश की विशाल क्षमता और पर्यावरण-पर्यटन, धार्मिक पर्यटन और साहसिक पर्यटन के अवसरों पर जोर दिया। इस बीच, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री, जो वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, ने राज्यपाल को राज्य को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आज आदी जनजाती का त्यौहार सोलुंग के उपलक्ष्य में आदी समुदाय को सोलुंग की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने Kine Nane, Dadi Bote, Doying Bote और Gumin-Soyin, से प्रदेश और लोगों पर आशीष बनाए रखने की प्रार्थना की।वहीं उप राज्यपाल चाउना मेन ने भी सोलुंग गिदी के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं लोगों को दी। आदी समुदाय के साथ कृषि के महत्व को मनाते हुए उप मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर की।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने सोशल मेडिया पोस्ट के जरिए Damu's Heritage Dine को अंतर्राष्ट्रिय रेसपॉनसिबल पर्यटन पुरस्कार दो हजार चौबीस में "स्थानीय समुदायो को रोजगार देने और कौशन बढ़ाने" की वर्ग में पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। चुंग घाटी में स्थित पारंपरिक मोनपा घर में आयोजित बढ़िया भोजन की पहल एक उदाहरण है कि किस तरह संरक्षण और संस्कृति स्थानीय जीवनयापन को बढ़ावा दे सकता है। श्री खाण्डू ने महिलाओं द्वारा नेतृत्व स्वयं सहायता समूह भारत के डब्लू डब्लू एफ (विश्व वनजीवन फंड ) तथा जैव विविधता और आर्थिक स्थिरता के योगदानकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

0000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासांग्लु पुल ने कल प्रदेश में सातवीं राष्ट्रीय पोषण माह दो हजार चौबीस का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम पुरा सितंबर महिना चलेगा। इस अवसर पर श्रीमती पुल ने कुपोषण मुक्त देश की सरकार कि प्रतिबद्धता पर बल दिया। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डु के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बैठाते हुए इस विषय पर सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राज्यभर में "एक पेड़ माँ के नाम" थीम के तहत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। जो पर्यवरण और आने वाले पीढ़ी को पोषण करने की प्रतिबद्धता को चिन्हित करता है। पोषण अभियान को भारत सरकार गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष के आयु तक के बच्चों के पोषण संबंधी परिणाम में सुधार लाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।

सातवीं पोषण माह जीन्दगी के हर पढ़ाव पर पोषण के विषय पर जागरुकता फैलाने पर केंद्रित है और थीम है सुपोशित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत।

00000000000000000

पूर्व कैबिनेट मंत्री मेदी राम दोदुम का आज निधन हो गया। राज्य उसके निधन पर शोक मना रहा है। म्लोरांग गांव में पांच अगस्त उन्नीस सौ पचपन में जन्मे पूर्व मंत्री दोदुम को उनके व्यापक समाज सेवा और राज्य के विकास में योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी राजनीतिक करियर की शुरुआत उन्नीस सौ चौरासी में की और बाद में बामेंग निर्वाचन क्षेत्र से पहला कैबिनेट मंत्री बना। दिवंगत दोदुम ने वर्ष उन्नीस सौ छियानवे से उन्नीस सौ निन्यानवे तक बागवानी एवं मत्स्य पालन मंत्री के तौर पर प्रदेश की सेवा की। वर्ष उन्नीस सौ उनासी में प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी के उप नियमों को तैयार करने और ऑल न्यीशि यूथ एसोसियेशन (आन्या) के स्थापना में भी उन्होंने सहायता की। सार्वजनिक सेवा और समर्पण की उनकी विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

00000000000000000

केंद्र ने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार संबंधी जैव-प्रौद्योगिकी नीति- **बायो ई-3** जारी कर दी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कल नई दिल्ली में कहा कि इस नीति से देश में जैव विनिर्माण को बढावा मिलेगा और खाद्य, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पडेगा।

यह नीति निजी भागीदारी से लागू की जाएगी और इससे रोजगार सृजन भी होगा। डॉक्टर सिंह ने कहा कि जैव विनिर्माण और जैव-फाउंड्री से देश की भावी जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक वृद्धि पर्यावरण के अनुकूल हो सकेगी।

00000000000000000

दापोरिजो के गवर्नमेंट हायार सेकंड्री स्कूल में एक कार्यक्रम के अंतर्गत आज ड्रग्स के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों से करीबन पांच सौ छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम को अपर सुबनसिरी जिला इकाई के प्रदेश युवा संगठन ने आयोजित किया था। इस अवसर पर अपर सुबनसिरी जिले के पुलिस अधिक्षक थुतान जाम्पा ने शहर में ड्रग्स से संबंधित घटनाओं के बढ़ते मुद्दों के बारे में जानकारी दी।

00000000000000000